पितृकर्म समुच्चय

सम्पूर्ण

अन्त्येष्टि कर्म रहस्यम्

(भाषा टीका)

पं० शिव स्वरुप 'याज्ञिक'

श्री गंगाये नमः   श्री सरस्वत्यै नमः   श्री राधाकृष्णाय नमः

पितृकर्म समुच्चय

सम्पूर्ण अन्त्येष्टि कर्म रहस्यम्

भाषा टीका

लेखकः पं० शिवस्वरूप 'याज्ञिक'
भाष्कर प्रयाग, उत्तरकाशी

मूल्य 120

मुख्य वितरक
कर्मसिंह अमरसिंह, पुस्तक विक्रेता
बड़ा बाजार, हरिद्वार-२४९४०१

प्रकाशक :

बी.एस. प्रमिन्दर प्रकाशन

दिल्ली-51

मुख्य वितरक :

कर्मसिंह अमरसिंह

पुस्तक विक्रेता, बड़ा बाजार

हरिद्वार-249401

फोन-01334-225619

नवीन संस्करण

मूल्य

परिचय

महापुण्य प्रभावेण मानुषं जन्म लभ्यते।
यस्त्यप्राप्य चरेद्धर्मं स याति परमांगतिम्।।

कर्मभूमि भारतवर्ष में जन्म लेने वाला मनुष्य अपने स्वर्गगत् पितामाता आदि के निमित्त अन्त्येष्टिकर्म आज भी विधिपूर्वक करता आ रहा है और करता रहेगा, क्योंकि हजारों जन्म के पुण्य के प्रभाव स्वरूप मनुष्य जन्म मिलता है और मनुष्य शरीर ही जीवन के उद्धार का सेतु है, जिसको प्राप्त कर अपने उद्धार के प्रति सचेत रहना ही मानव का प्रथम धर्म है।

जिसने इस दुर्लभ मानव शरीर को प्राप्त कर इस योनी में अपने उद्धार अथवा मोक्ष के उपाय नहीं किये, उसने मानों आलस्यवश हो हाथ में आये हुए अमृत कलश को गिरा दिया। आवागमन रूपी पाशो से मुक्ति के लिए पितृश्राद्ध (अन्त्येष्टि कर्म) अवश्य ही करने योग्य है, क्योंकि मानव मात्र भगवान की मायावश घड़ी की सुई के समान घूमते हुए अनेक योनियों में जन्ममृत्यु को प्राप्त करता रहता है, क्योंकि इस नाशवान जगत् में सभी शरीरधारियों को जन्म विनाश के लिए ही होता है।

मनुष्य धर्म का त्याग कर दुःख को प्राप्त करता है, केवल धर्म के सेवन से ही मानव जीवन सफल हो सकता है। मनुष्य (पिता) की मृत्यु के पश्चात् पुत्र का

पहला धर्म पिता आदि के निमित्त अन्त्येष्टि संस्कार करना है। प्रेत संस्कार करने से पुत्रादि को अवश्य ही यज्ञों के फल की प्राप्ति होती है यथा-

स्त्रि वाथ पुरुषः कश्चिचदिष्टस्य कुरुते क्रियाम्।
अनाथ प्रेत संस्कारात्कोटियज्ञ फलं भवेत्।।
पितुः शतगुणं पुण्यं सहस्त्रं मातु रुच्यते।
भागिन्या दश साहस्त्रं सोदर्येदत्तमक्षयम्।।

अतः पुत्र वही है जिसनें पितृऋण से मुक्ति के लिए पिता आदि के अन्तेष्टि संस्कार किये, क्योंकि मनुष्य संसार में अनेक प्रकार से पल प्रतिपल शुभाशुभ कर्म करता हैं, जिससे स्वार्थवश हो अनेक पाप करता है, इस पाप की मुक्ति के लिए पुत्र को पिता आदि के अन्त्येष्टि कर्म अवश्य ही करने चाहिए, जिससे पिता को तृप्ति तथा पुत्र को फल की प्राप्ती हो सके। इसलिए पुत्र वही है जिसनें पिता आदि का अन्त्येष्टि कर्म किया, स्वयं ब्रह्मा ने कहा-

पुन्नाम्नो नरकद्यस्मात्पितरं त्रायते सुतः।
तस्मात्पुत्र इति प्रोक्तः स्वयमेव स्वयंभुवा।।

पुत्र पिता माता की मृत्यु के पश्चात् क्रोध लोभ से रहित हो शास्त्र की रीति से पिता आदि के निमित्त श्राद्ध आदि करे, जिससे पितर श्राद्ध के प्रभाव से तृप्त हो धर्म के मार्ग से धर्मराज की सभा में धार्मिक लोगों के साथ आदरपूर्वक स्थिर रहकर स्वर्ग व मोक्ष की प्राप्ति करें।

पितरों के प्रभाव से ही वंश की वृद्धि होती है ऐसा शास्त्रों का वचन है। इसलिए पितृकार्य अवश्य ही करने चाहिए जो पुत्र पिता आदि के निमित्त तर्पण आदि कार्य नहीं करता उसका पुत्र होना व्यर्थ है। ऐसे पुत्र को स्वयं पितर ही कष्ट देते हैं यथा-

नास्तिक्यादथवा लौल्यान्नतर्पयति यः सुत।
पिबन्ति देहिनः स्त्रावं पितरोऽस्य जलार्थिनः।।

इसलिए इस नाशवान जगत में मनुष्य को अवश्य ही मृतक के निमित्त अन्त्येष्टि कर्म को शास्त्रोक्त रीति से करना चाहिए क्योंकि शास्त्र वचनों के अनुसार मेरा ऐसा विश्वास है कि श्राद्ध तर्पणादि से पितृगण स्वर्ग व मोक्ष को प्राप्त होंगे।

आज तक ऐसी पुस्तक अप्राप्य थी जिससे सम्पूर्ण अन्त्येष्टि कर्म पूर्ण किया जा सके जो पुस्तकें प्राप्त होती है उसमें गूढ़ संस्कृत होने के कारण कम पढ़े लिखे ब्राह्मणों को पितृ. कार्य करने करवानें का साहस नहीं होता था तथा सरल ढंग से लिखी अन्त्येष्टि कर्म पद्धति के अभाव में ब्राह्मण लोग भी इस कार्य करने से कतराते थे।

अतएव विद्वान पुरुषों के आशीर्वाद से प्रस्तुत पुस्तक बनाने का मेरा प्रथम प्रयास है जिसको कर्मकाण्ड के महासागर से चुनकर सरल रूप से आपके पास इस रत्न रूपी ग्रन्थ को प्रस्तुत कर सका हूँ। प्रस्तुत पुस्तक में अन्त्येष्टि कर्म के लिए सब विषयों का समावेश कर दिया

गया है, जिससे पुस्तक की उपयोगिता बढ़ जायेगी। तथा अन्त्येष्टि कर्म करवाने के लिए ब्रह्मणों को सरल पुस्तक प्राप्त हो जायेगी।

जिस प्रकार आपने **'सम्पूर्ण पूजन रहस्यम्'**, **'सम्पूर्ण हवन रहस्यम्'** तथा **'सम्पूर्ण ग्रहनक्षत्रादि शान्ति रहस्यम्'** को अपनाकर मेरा मान बढ़ाया उसनें मुझे पुनः लेखनी उठाने के लिए प्रेरित किया और मैं इस पुस्तक को आपके समक्ष प्रस्तुत कर सका। विद्वद् वृन्द इस पुस्तक को स्वीकार करेंगे, ऐसी मेरी आशा है। यह पुस्तक कम पढ़े लिखे विद्वानों ब्राह्मणों के लिए लाभप्रद सिद्ध होगी तथा जो भी पुत्र पिता आदि के निमित्त अन्त्येष्टि श्राद्ध करेंगे, पितर तृप्त हो स्वर्ग एवं मोक्ष को प्राप्त करेंगे ऐसा मेरा दृढ़ विश्वास है।

इस पुस्तक में मानवजन्य त्रुटियां रहना संभव है। मेरे द्वारा अथक प्रयास किये जाने के उपरान्त भी यदि कुछ त्रुटियां रह गई हो तो भूल सुधारकर मुझे सूचित करने तथा अपने विचारों से अवगत करने की कृपा करेंगे। पुनः विद्वद् वृन्दों की सेवा में तत्पर रह सकूं, विद्वानों का आर्शीवाद चाहता हूँ आपका अपना ही–

भाष्कर प्रयाग
उत्तरायण संक्रान्ति
१५ जनवरी २०००

पं0 शिवस्वरूप 'याज्ञिक'
भटवाडी उत्तरकाशी
'उत्तराखण्ड' (उ.प्र.)
दूरभाष-०१३७४४-४४२४

विषयानुक्रमणिका

पितृ गायत्री पाठ

विश्वदेवों की परिक्रमा करते हुए पितृमण्डल में आ जाये, सव्य पूर्वाभिमुख हो आचमन करके निम्न पितृ गायत्री मन्त्र का तीन बार पाठ करें-

ॐदेवताभ्यः पितृभ्यश्च महायोगिभ्य एव च। नमः स्वाहायै स्वधायै नित्यमेव नमो नमः

दशदान

पुत्र पिता[१] या माता की मृत्यु निकट जानकर उससे पहले दश दान शान्ति हेतु करा देवे।

गोभूतिल हिरण्याज्यवासोधान्य गुडानिच।
रौप्यं लवण मित्याहु दशदानानि पण्डिताः॥

विष्णु देवता के निमित भूमि-

भूमि सर्वाश्रया च यः वराहेण समुद्धृता।
अनन्त पुण्य फलदा शान्तिदानात्प्रच्छतु॥

पुनः विष्णु देवता के लिए तिल-

महर्षे गोत्र सम्भूताः कश्यपश्य तिला स्मृता।
तस्मादेषां प्रदानेन सर्व पापं व्यपोहतु॥

अग्निदेवता के लिए सोना-

हिरण्यं गर्भ गर्भस्थं हेमबीजं विभावसो।
अनन्तं पुण्यं फलदं मतः शान्तिप्रयच्छ मे॥

विष्णु देवता के लिए घी-

कामधेनु समुद्भूतं सर्व यज्ञेषु संस्थितम्।
देवानामाज्यमाहारोदानेनास्या सुखं स्थिरम्॥

बृहस्पति देवता के लिए वस्त्र-

---

१. जनकोश्चोपनेता च यश्च विद्या प्रयच्छति।
अन्नदाता भयत्राता पञ्चैते पितरः स्मृताः॥

शीतोवातोष्णसंत्राणं लज्जाया रक्षकं परम्।
देहालंकरणं वस्त्रं दानेनास्यास्तु मे सुखम्।।

प्रजापति के लिए धान्य-

सर्वदेवमयं धान्यं सर्वोत्पत्ति करं परम्।
प्रणिनाजीवनोपायो दानादस्य सुखं मम।।

सोम देवता के लिए गुड़-

गुडमिक्षुरसोद्भूतं मंत्राणां प्रणदोयथा।
दानेनास्य सदाशान्तिर्भवत्वीश प्रसादतः।।

चन्द्रदेवता के लिए रौप्य-

रजतः प्रीतिश्च पितृणां विष्णुशंकरयोस्तथा।
शिवनेत्रोद्भवरौप्यमस्य दानेन मे सुखम्।।

सोमदेवता के लिए नमक-

यस्माद‌न्ये रसाः सर्वे नोत्कृष्टाः लवणं बिना।
सोमः प्रीतिकरा यस्मादानेनास्य सदा सुखम्।।

गायदान

धेनुदान-पाप धेनुदान, ऋण धेनुदान, प्रायाश्चित धेनु दान तथा वैतरंणी धेनु दान चार गाय दान पुत्र पिता से करवाये मरण समय उक्त पापों को दूर करने के लिए इन धेनुदान को करे, धेनु के अभाव में यथाशक्ति गाय का मूल्य रखकर मुंह पूर्व या उत्तर की ओर कर पृथक-पृथक संकल्प करें-

१-पापधेनुदान- पाप धेनवे नमः सम्पूज्य श्वेत गाय

का पूजन कर ब्राह्मण का पूजन कर लेवे। फिर संकल्प करें-

अद्येत्यादि० अमुकोऽहं मम सर्व क्षय पाप पूर्वकं स्वर्गलोकावाप्तये इमां सुपूजितां श्वेतां गां रुद्र दैवतां वा तन्निष्क्रयीभूत द्रव्यं चन्द्रादिदैवतं अमुकगोत्राय अमुक शर्म्मणे ब्राह्मणाय तुभ्यं सम्प्रददेनमम:।

पुन: गाय की प्रार्थना कर लेवे-

आजन्मोपार्जितं पापं मनोवाक् कायकर्मभि:।
तत्सर्वनाशमायातु पापधेनु प्रदानत:।।

२- ऋण धेनुदान - ऋण धेनवे नम: सम्पूज्य।

रक्त गौ का पूजन कर फिर ब्राह्मण पूजन कर संकल्प करे- **अद्येत्यादि. अमुकोऽहं अनेक जन्मार्जित पाप प्रशमन पूर्वक सद्गति प्राप्तये सूपूजितां मिमात्रृण धेनुरक्तांब्रह्मदैवतां अमुक गोत्राय अमुक शर्म्मणे ब्राह्मणाय तुभ्यं सम्प्रददे।**

पुन: प्रार्थना-

एहिकामुष्मिकं यच्च सप्तजन्मार्जितं मम।
विजयं तदृणं यातु गांमेता प्रदतो मम।।

3- प्रायश्चित धेनुदान- प्रायश्चित धेनवेनम:।

गाय का पूजन कर ब्राह्मण का पूजन कर लेवे।

पुन: संकल्प-

अद्येत्यादि अमुकोऽहं सप्तजन्मार्जित ज्ञाताज्ञात

अनेकविध प्रायश्चित्तोपयोगी समस्त दूरित दूरिकरण पूर्वक सद्गति प्राप्तये इमां सुपूजितां प्रायश्चित धेनु अमुक गोत्राय अमुक शर्म्मणे ब्राह्मणाय तुभ्यं सम्प्रदे।

प्रार्थना-

प्रायश्चित्ते समुत्पन्ने निष्कृतिर्न कृता मया।
सर्वपाप शान्त्यर्थं धेनुर्येषार्पिता मया।।

४- वैतरणी धेनुदान- वैतरणी धेनवे नमः।

कृष्ण गाय का पूजन कर ब्राह्मण का पूजन करे।

पुनः संकल्प-

अद्येत्यादि० अमुकोऽहं ममजन्मजन्मान्तर्जिता पापापनोदन पूर्वक शतयोजन विस्तृर्णां वैतरणीनदी तुर्तकामायै सुपूजितां वैतरणीय धेनु मिमां यमराज देवतां अमुक गोत्राय अमुकशर्म्मणे ब्राह्मणाय तुभ्यं सम्प्रददे।

प्रार्थना-

यमद्वारे पथे घोरे घोरां वैतरणीनदीम्।
तुर्तकामः प्रयच्छामि कृष्णां वैतरणीं चगाम्।।

मोक्ष धेनुदानम्

गो पूजन-आवाहन-

आवाहयाम्यहं देवी गां त्वां त्र्यैलौक्य मातरम्।
यस्यास्मरण मात्रेण सर्वपापैः प्रमुच्यते।।१।।
त्वं देवी त्वं जगन्माता त्वमेवासि वसुन्धरा।
गायत्री त्वं च सावित्री गंगा त्वं च सरस्वती।।२।।

तृणानि भक्ष्यसे नित्यं अमृतं स्त्रवसे प्रभो।
भूतप्रेत पिशाचांश्च पितृदेवर्षि मानुषान्॥३॥
सर्वास्तारयते देवी नरकात्पाप संकटात्॥

गाय का पूजन गन्ध, अक्षत, पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य, दक्षिणा से कर ब्राह्मण पूजन कर फिर संकल्प करें[1]-

अद्येत्यादि० अमुकोऽहं मम ज्ञाताज्ञात मनोवाक्काय कर्मजन्य पाप प्रशमन पूर्वकं मुक्ति हेतवे सुपूजितां कपिलां मोक्षधेनुमिमां रुद्रदेवतां मोक्षप्राप्तये अमुक गोत्राय अमुक ब्राह्मणाय तुभ्यं सम्प्रददे।

प्रार्थना-

मोक्षं देहि जगन्नाथ मोक्षं देहिजनार्दनः।
मोक्षधेनु प्रदानेन श्री विष्णुः प्रीयतांमम॥

मृत्यु समय निकट देखकर पुत्र अथवा सम्बन्धी लोग भक्ति का उपदेश, भगवान के नामों का उच्चारण[2] गायत्री मंत्र का जाप, ॐकार का जाप, गंगा, राम, कृष्ण का स्मरण करवायें या जिसकी मृत्यु निकट आ गई हो उसे गीता, विष्णु सहस्त्र नाम, गंगा सहस्त्र का पाठ सुनायें जिससे अन्तकाल में प्राणी भगवान के नाम को स्मरण[3]

---

1. गाय दान फल- एकाः गौः स्वस्थ चित्तस्य ह्यातुरस्य च गोशतम्।
सहस्त्रं म्रियमाणस्य दत्तं चित्त विवर्जितम् (ग.पु.)

2. मत्स्यः कूर्मो वराहश्च नारसिंहश्च वामनः। रामो रामश्च कृष्णश्च बुद्धः कल्की तथ्यैव च॥ एतानि दश नामानि स्मर्तव्यानि सदा बुद्यैः। समीपे रोगियो ब्रूयुर्बान्धि वास्ते प्रकीर्तिताः।

3. ओमित्येकाक्षरं ब्रह्मव्यावहरन् मामनुस्मरन्।
यः प्रयाति त्यजन् देहं स याति परमांगतिम्॥ (भ.गी.)

अथवा श्रवण कर मुक्त हो सके। प्राण प्रयाण के समय मृतक के मुख में गंगाजल, तुलसी दल[१], सुवर्ण अथवा पंचरत्न भी देना चाहिए इस समय कुटुम्बीजन जमीन गोबर से लीप कर तिल बिखेर देवे कुशा डालकर उसके ऊपर ऊर्णवस्त्र बिछाकर उसके ऊपर मृतक को लिटा देवे। यदि सुवर्ण न हो तो सुवर्ण के अभाव में मुख में घृत की बूंद भी दे सकते है।

प्राण प्रयाणान्तर

पिता आदि की मृत्यु के बाद कर्मकर्ता दक्षिण मुख हो मुण्डन करावे, स्नान कर शुद्ध सफेद वस्त्र पहन लेवे तथा मृतक के शरीर को शुद्धजल या गंगाजल से स्नान करा वस्त्र पहनाकर गोपीचन्दन का तिलक तथा शरीर में सुगन्धित द्रव्य लगाकर पुष्पों की माला पहना देवें। अरथी बनाकर पैर आगे, सिर पीछे रख अरथी उठाकर श्मशान के लिए प्रस्थान करें।

पिण्डदान

जौ के आटे में तिल घी मिलाकर गंगाजल से राधकर छः[२] पिण्ड बना लेवें। पहला पिण्ड मृतक स्थान

---

१. तुलसीदलं मुखेकृत्वा तिल दर्भासनंमृतः।
नरो विष्णुपुरं याति पुत्रहीनोऽप्यसंशयः॥ (ग.पु.)

२. स्थाने द्वारेऽर्ध मार्गे च चितायां शवहस्तके।
अस्थि संचयने षष्ठ दश पिण्डा दशाह्निका॥ (ग.पु.)

पुत्र मुण्डन करे- माता पित्रोर्मृतायेन कारितं मुण्डनं न हि।
आत्मजः स कथं ज्ञेयः संसारर्णव तारकः॥

में अपसव्य, होकर जल तिलकुश सहित (स्थान पिण्ड)देवें ब्राह्मण संकल्प कहे-

१. अद्य अमुक गोत्रः शवनाम प्रेत मृतस्थाने एष ते पिण्डो मयादीयते तवोपतिष्ठताम्।

पिण्ड को कर्मकर्ता मृतक के हाथ में अंगूठे की ओर से देवें पिण्ड के ऊपर तिल और जल डाल दें। तिलकुश जल सब पिण्डों के साथ रखकर संकल्प करें।

२. द्वार पिण्ड-

अद्यामुकगोत्रः अमुक प्रेतद्वार देशे पान्थनिमित्त एषते पिण्डोमया दीयते तवोपतिष्ठताम्।

पहले जैसे ही पिण्ड मृतक के हाथ में रखकर तिल जल छोड़ दें।

३. चौराहे पर-

अद्य अमुक गोत्र अमुक प्रेत चत्वरे खेचर निमित्त एष ते पिण्डो मयादीयते तपोपतिष्ठताम्।

पूर्ववत्त पिण्ड के ऊपर तिलजल छोड़कर रख देवें।

४. विश्राम स्थान पर या जहां से श्मशान नजर आए

अद्य अमुक गोत्रः अमुकप्रेत विश्रान्तो भूतनाम्ना एषते पिण्डो मया दीयते तवोपतिष्ठताम्।।

मृतक के हाथ में पिण्ड रखकर तिल जल डाल देवें! यहां से मृतक की अरथी का सिर बदल देवें अर्थात् मृतक का सिर आगे और पैर पीछे कर दें। श्मशान में चिता बनाकर

५. पांचवां पिण्ड मुर्दे को चिता में रखकर दें। संकल्प-

अद्यामुकगोत्रः साधकनाम प्रेत एषः चित्रगुप्त दैवतःचितापिण्डस्ते मयादीयते तवोपतिष्ठताम्।

६. कर्मकर्ता शव के दक्षिण में बैठकर पूर्ववत् संकल्प लेकर पिण्ड को शव के हाथ (या अस्थि संचय के समय) में दें-

अद्येत्यादि अमुकगोत्रः अमुकप्रेत शवहस्ते प्रेतदेवतो एषपिण्डो मयादीयते तवोपतिष्ठताम्॥

पुनः अवनेजन (जल तिल) पिण्ड पर डाल दें। पश्चात् शव के मस्तक की तरफ भूमि को शुद्धकर पंच भू संस्कार कर क्रव्यादान नाम से अग्नि को जलावें पूजन कर निम्न आहुति देवें-

ॐ लोमेभ्यः स्वाहा॥१॥ ॐ त्वचेभ्यः स्वाहा॥२॥
ॐ लोहिताय स्वाहा॥३॥ ॐ मेदेभ्यःस्वाहा॥४॥
ॐ मांसेभ्यःस्वाहा॥५॥ ॐ स्नायुभ्यःस्वाहा॥६॥
ॐ अस्थिभ्यःस्वाहा॥७॥ ॐ मज्जाभ्यःस्वाहा॥८॥
ॐ रेतसे स्वाहा॥९॥ ॐ पायवे स्वाहा॥१०॥
ॐ आयासाय स्वाहा॥११॥ ॐ प्रायासाय स्वाहा॥१२॥
ॐ संयासाय स्वाहा॥१३॥ ॐ वियासाय स्वाहा॥१४॥
ॐ उद्यासाय स्वाहा॥१५॥ ॐ शुचे स्वाहा॥१६॥
ॐ शोचते स्वाहा॥१७॥ ॐशोचमानाय स्वाहा॥१८॥
ॐ शोकाय स्वाहा॥१९॥ॐतपसे स्वाहा॥२०॥

ॐ तप्यते स्वाहा॥२१॥ ॐ तप्यमानाय स्वाहा॥२२॥
ॐ तप्ताय स्वाहा॥२३॥ ॐ धर्म्माय स्वाहा॥२४॥
ॐनिष्कृत्यै स्वाहा॥२५॥ ॐ प्रायश्चित्यै स्वाहा॥२६॥
ॐ भेषजाय स्वाहा॥२७॥ ॐ यमाय स्वाहा॥२८॥
ॐ अन्तकाय स्वाहा॥२९॥ ॐ मृतवे स्वाहा॥३०॥
ॐ ब्रह्मणे स्वाहा॥३१॥ ॐ ब्रह्म हत्यायै स्वाहा॥३२॥
ॐ विश्वेभ्यो देवेभ्यःस्वाहा॥३३॥ॐ द्यावापृथिभ्यां स्वाहा॥३४॥

हवन के बाद जलती हुई अग्नि हाथ में लेकर मुंह दक्षिण रख ये मंत्र कहें-

ॐ कृत्वासुदुष्कृतं कर्म जानता वाप्य जानता।
मृत्यु कालवंश प्राप्य नरं पंचत्वमागतः॥
धर्माधर्म समायुक्तः लोभ मोह समावृतः।
देहेयं सर्वगात्राणि दिव्यान् लोकान् सगच्छतु॥

हाथ की अग्नि को लेकर चिता की परिक्रमा कर सिर की तरफ से चिता में अग्नि लगा देवें।

कपाल क्रिया

शव के अर्ध दग्ध होने पर कर्मकर्ता बांस के डंडे से कपाल बेधन कर घी को उसमें डाले शव पूर्ण जल जाने पर सब लोग जलाशय में स्नान करें। चाहे तो स्नान के

मृतकसूतक में न करे-

पर्यंके शयनं स्पर्शं न कुर्यान्मृतसूतकै।
सन्ध्यादानं जपं होम स्वाध्याय पितृतर्पणम्॥

पूर्व कर्मकर्ता अस्थि संचय करे चिता को गो दुग्ध से ठंड़ी कर अस्थि संचय करना श्रेष्ठ हैं कोई लोग अस्थिसंचय के निमित्त एकोदिष्ट समान श्राद्ध भी करते हैं।

मेरा अपना मत है कि यदि दाह गंगा[१] आदि नदियों में किया हो तो अस्थिसंचय न करें क्योंकि गंगा तो सबको पवित्र करने वाली है विद्वान लोग मुझ अल्पबुद्धि की बात का ध्यान न करते हुए शास्त्रोक्त कर्म करें।

अस्थि संचय कर्म

प्रथम दिन से दस दिन के अन्दर मृतक की अस्थियों को गंगा आदि तीर्थों में छोड़ दें[२] चिता भष्म को ठंडी होने के बाद पहले या तीसरे दिन एक मटकी या ताम्बे के वर्तन को शुद्ध करले अपसव्य होकर कर्मकर्ता अनामिका अंगुष्ठ से मृतक की अस्थियों को चुने[३] (छठवां पिण्ड पहले न दिया हो तो दे देवें) पिण्ड देकर अस्थियों को गंगाजल व दूध से धोकर कलश में रखे,

---

१. यावदस्थिमनुष्याणां गंगातीर्थेषु तिष्ठति।
तावद्वर्ष सहस्त्राणि स्वर्गलोके महीयते॥

२. अस्थिसंचयन-
दशाहाभ्यन्तरे यस्य गंगातोयेषु मज्जति।
गंगायां मरणे यादृक तादृक्फलमवाप्नुयात्॥

३. प्रथमेऽह्नि तृतीये वा सप्तमे नवमे तथा।
अस्थि संचयनं कार्य दिनं तद्गोत्रजः सह॥

रेशमी वस्त्र से ढककर तीर्थ में भेजने की व्यवस्था करें अथवा बाद में भेजना हो तो अस्थि कलश को सुरक्षित स्थान में रख देवें।

पुनः चिता की भष्म को बहाकर अन्य लोग (पुत्र आदि बान्धव) दक्षिण मुख कर मुण्डन कर लें। अर्थि ले जाने वाले स्नान कर दक्षिणमुख कर अपसव्य हो (सगोत्री) तिलांजलि दें-

ॐअद्यामुकगोत्रामुक प्रेततच्चित्ता दाहोपशामनार्थं एषा तिलतोयांजलिस्ते मयादीयते तवोपतिष्ठताम्॥

पुनः घर के लिए प्रस्थान करे अर्ध मार्ग में कांटे को रख कर उसका उलंघन करे घर में गोमूत्र आदि का स्पर्श कर अन्य समन्धि सदुपदेश देकर अपने घर जायें कर्मकर्ता ब्रह्मचर्य हो एक समय भोजन कर पृथ्वी पर सोये। दशगात्र में गरुड़ पुराण की कथा श्रवण करें जिससे मृतक की आत्मा को शांति पहुंचे।

कर्मकर्ता घर आकर नीम के पत्ते दांतों से कांटे ऐसा भी प्रचलन है। सांयकाल मृतक स्थान में बारहवें दिन तक दीपक[1] जलावें।

---

१. मृतकस्थानमालिप्यदक्षिणाभिमुखं ततः।
द्वादशाहक पर्यन्तं दीपंकुर्यादहर्निशम्॥ (ग.पु.)

दशगात्र विधि

दशगात्र की सामग्री लेकर ग्राम के बाहर पीपल वृक्ष के पास या नदी तालाव के समीप श्राद्ध भूमि बनाकर पिण्डदान की व्यवस्था कर कर्मकर्ता शिखा खोलकर स्नान के लिए संकल्प करें। अपसव्य हो कुश तिल जल हाथ में रखें-

अद्येत्यादि अमुकगोत्रस्यामुक प्रेतस्य (स्त्री हो तो **गोत्रायाः प्रेतायाः** ऐसा हर जगह संकल्प में कहें) **प्रेतत्व निवृत्तये उत्तमलोक प्राप्त्यर्थं च करिष्यमाण** प्रथम दिन **कृत्यर्थं** (जितना दिन हो वैसा कहे) **स्नान महं करिष्ये।** स्नान के बाद तिलांजलि देवें- **अद्येत्यादि० अमुकगोत्रस्यामुक प्रेतस्य चितादाहजनित तापशमनार्थं प्रथम दिन समन्धि एष तिलतोयांजलिर्मयादीयते तवोपतिष्ठताम्।**

(तिलतोय अंजलि दश दिन तक प्रत्येक दिन एक एक अंजली बढ़ाकर देवें) अंजलि के पश्चात् चतुर्दश यम तर्पण, कर देवें।

चतुर्दश यम तर्पण

ॐ यमाय नमः ३ ॐ धर्मराजाय नमः ३ ॐ मृत्युवे नमः ३ ॐ अन्तकाय नमः ३ ॐ वैवश्वताय नमः ३ ॐ कालाय नमः ३ ॐ सर्वभूतक्षयाय नमः ३ ॐ औदुम्बराय नमः ३ ॐ दध्नाय नमः ३

ॐ नीलाय नमः३ ॐ परमेष्ठिने नमः३ ॐ वृकोदराय नमः ३ ॐ चित्राय नमः ३ ॐ चित्रगुप्ताय नमः ३ इस प्रकार अपसव्य हो कुशतिल सहित यम तर्पण देवें।

चितानल विधि

यह कार्य प्रथम दिन से दश दिन तक का है। जहां पिण्ड देना हो वहां भूमि लेपन कर[1] यव का चूर्ण लेकर उसमें तिल डालकर पिण्ड बना देवे यह कार्य चतुर्थ दिन से दशम दिन तक करना है, यदि चौथा दिन हो तो चार अथवा जितने दिन मृतक के हो गये हो उतने ही पिण्ड का निर्माण करना। सिर्फ दसवें दिन उड़द की दाल के चूर्ण का पिण्ड बनाना। त्रिकाष्टि के ऊपर मध्य में छेदवाला घड़ा रखना उसके नीचे चिता भष्म अथवा कुश का प्रेत बनाकर रखना जो कि घड़े से जलधारा प्रेत पर पड़ती रहे। प्रेत स्थापित करने के लिए पूर्व से पश्चिम दिशा में बेदी बनाना। कर्मकर्ता कुशा के आसन पर बैठे, कर्मकर्ता के ब्राह्मण गंगामाटी से ललाट, हृदय, नाभि, कंठ, पृष्ठ, दोनों भुजा पीठ दोनों कानों, मस्तक पर तिलक लगा लेवें। ब्राह्मण मंत्र भी बोले।

तिलकं च महत्पुण्यं पवित्रं पापनाशनम।
आपदा हरते नित्यं ललाटे हरिचन्दनम्॥

---

१. अतोऽग्निहोत्रं श्राद्धं च ब्रह्मभोज्यं सुरार्चनम्।
मण्डलेन विना भूम्यांमातुरं नैव कारयेत्॥

अब [illegible] की पवित्री दाहिने हाथ की अनामिका [illegible] कुशा की पवित्री बायें हाथ की अनामिका में [illegible]। नीवी बन्धन कर ले शिखा तथा आसन में भी कुशा रख ले, आचमन शिखाबन्धन मानसिक प्राणायाम कर बांये हाथ में जल लेकर दहिने हाथ से शरीर में छीटें देवें-

ॐ अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थां गतोऽ पिवा।
यः स्मरेत् पुण्डरीकाक्षं स बाह्याभ्यन्तरः शुचि।

भूमि का पूजन भी कर ले-

पृथ्वीत्वया धृता लोका देवि त्वं विष्णुना धृता।
त्वंच धारय मां देवि पवित्रं कुरुचासनम्।।

अब जल लेकर कर्मकर्ता श्राद्ध हेतु संकल्प करें-

ॐ विष्णु विष्णु विष्णुः अद्य श्री ब्रह्मणो द्विद्वितीये परार्द्धे श्री श्वेतवाराह कल्पे वैवश्वत् मन्वन्तरे अष्टाविंशतितमे कलियुगे कलिप्रथमचरणे जम्बूद्वीपे भरतखण्डे आर्यावर्तान्तर्गत ब्रह्मावर्तैकदेशे गंगा-यमुनयोर अमुकदिग्भागे अमुक ग्रामे (नगरे) अमुकनाम संवत्सरे अमुकायने अमुकमासे अमुकपक्षे तिथौ अमुकवासरे अमुकगोत्रस्य अमुकप्रेतस्य प्रेतत्व विमुक्तये सद्गति प्राप्त्यर्थे प्रथम दिवसादारभ्य दशमाहनिक श्राद्धमहं करिष्ये।

सूतक प्रारंभ व्रत यज्ञ विवाहेषु श्राद्धे होमार्चनै जपेः।
आरब्धे सूतकं नस्यात् अनारब्धे तु सूतकम्।।

घट पूजन

अकामेतु निरालम्बो वायुभूत निराश्रय।
प्रेतघटो मयादत्तस्तवैष उपतिष्ठताम्॥

त्रिकाष्ट के ऊपर घट को स्थापित कर उसमें दूध और जल डाल दें-

चितानल प्रदग्धोऽसि परित्यक्तोऽसिबान्धवैः।
इदंनीरमिदं क्षीरं अत्रस्नाहि इदं पिवः॥

चितानल पूजन हेतु संकल्प करे-

अद्येत्यादि० अमुकगोत्रस्यामुक प्रेतस्य चिता-दाहोपशमनार्थं प्रेतत्व विमुक्तये दशगात्र निष्पत्यर्थंच प्रथम दिन सम्बन्धि रौरवनाम नरकोत्तारणाय विष्णुस्वरूप चितानल पूजनं करिष्ये॥

कर्मकर्त्ता पूर्व मुंह हो हाथ जोड़ के पितृगायत्री का स्मरण करे-

ॐ देवताभ्यः पितृभ्यश्च महायोगिभ्य एव च।
नमः स्वाहायै स्वधायैः नित्यमेव नमोनमः॥

अपसव्य होकर बांया घुटना मोड़कर दान्तुन हाथ में लेकर दक्षिण मुंह हो घड़े में डाल दें-

ॐ अद्यामुकगोत्रामुक प्रेत शौचार्थे प्रथमदिन सम्बन्धि दन्त धावनं काष्ठमेतन्मयादीयते तवोपतिष्ठताम्।

थोड़ा मृतिका भी घड़े में छोड़ दें। सव्य होकर

चितानल का पूजन कर दें-

विष्णुस्वरूप चितानलाय नमः गन्धाक्षतं पुष्पाणि धूप दीप नैवेद्यं दक्षिणांच समर्पयामि। ॐ इदं विष्णु-र्विचक्रमेत्रेधानिदधे पदम्। समूढमस्य पा ँसुरे स्वाहा। विष्णवे नमः।

पूजन कर प्रार्थना कर दें-

ॐ अनादि निधनो देव शंखचक्र गदाधरः।
अक्षय पुण्डरीकाक्ष प्रेतमोक्ष प्रदोभव॥

ॐ अयोध्या मथुरा माया काशी कांची अवन्तिका।
पुरी द्वारावती ज्ञेया सप्तैता मोक्ष दायिकाः।

प्रार्थना कर अपसव्य होकर दक्षिण मुख कर बांया घुटना टेककर तिल जल से घड़े के ऊपर तर्पण दें-

ॐ यमाय नमः ३ ॐ धर्मराजाय नमः ३ ॐ मृत्युवे नमः ३ ॐ अन्तकाय नमः ३ ॐ वैवस्वताय नमः ३ ॐ कालाय नमः ३ ॐ सर्वभूतक्षयाय नमः ३ ॐ औदुम्बराय नमः ३ ॐ दध्नाय नमः ३ ॐ नीलाय नमः ३ ॐ परमेष्ठिने नमः ३ ॐ वृकोदराय नमः ३ ॐ चित्रायनमः ३ ॐ चित्रगुप्ताय नमः ३॥

चितानल पूजन कर पिण्ड बेदी के पास आ जाये।

पिण्डदान (मलिनषोडशी)

कर्म पात्र स्थापित कर उसमें जल दूध आदि छोड़े।

मंत्र

जल–ॐ शन्नोदेवि रभिष्टयऽआपो भवन्तु पीतये
शंयोरभिस्त्रवन्तु नः।

दूध– ॐ पयः पृथिव्यां पय ओषधीषु पयो दिव्यन्त-
रिक्षे पयोधाः पयस्वतीः प्रदिशः सन्तु मह्यम्॥

तिल–ॐ तिलोसि सोमदैवत्यो गोसवो देव निर्मितः।
प्रत्नमद्भि पृक्तः स्वधयापितृलोकान्प्रीणाहिनः॥

यव– ॐ यवोऽसियवयास्मद्द्वेशोयवयारातीः

कुश[१]–ॐ पवित्रेस्थो वैष्णव्यौ सवितुर्वः प्रसवः॥
उत्पुनाम्यच्छिद्रेण पवित्रेण सूर्यस्य रश्मिभिः
तस्य ते पवित्रपतेपवित्रपूतस्य यत्कामः पुनेतच्छकेयम्॥

कुशा से जल को हिला लेवे–

ॐ यद्देवादेवहेडनं देवाशश्चकृमाव्ययम्।
अग्निर्मा तस्मादेनसो विश्वान् मुंचत्वꣳहसः॥१॥
यदि दिवा यदिनक्तमेनांसि च कृमा वयम्।
वायुर्मा तस्मादेनसो विश्वान मुंचत्व ꣳ हसः॥२॥
यदि जाग्रद्यपि स्वप्न एनांसि च कृमा वयम्।
सूर्यो मा तस्मादेनसो विश्वान मुंचत्वंꣳहसः॥३॥

---

[१]दस प्रकार के दर्भ — कुशाःकाशा यवा दूर्वा उशीराश्चकुंदका।
गोधूमा ब्रीहयोमंजा दशदर्भाः स बल्वजा॥

[२]अन्यदभ लेना — कुशाभावेकाशाः स्युः काशाःकुश समास्मृताः।
कुशाभावे ग्रहीतव्या अन्येदर्भा यथोचितम्॥

इस जल से कुशा के द्वारा सब सामग्री पर छीटा देकर संकल्प करें, तिल जल कुशा[१] हाथ में लेवें-

अद्येत्यादि० अमुकगोत्रस्य अमुक प्रेतस्य प्रेतत्व विमुक्तये प्रथमदिन सम्बन्धि रौरवनाम नरकोत्तारणाय मूर्धावयव निष्पत्यै शिरः पूरक पिण्ड दानंकरिष्ये।

अपसव्य होकर बांये गोड़े को जमीन पर टेक कर दक्षिण मुंह हो तिल जल हाथ में लेकर संकल्प करे-

अद्यामुक गोत्रस्य अमुक प्रेतस्य प्रथमदिन सम्बन्धि शिरः पूरक पिण्डस्थाने इदमासनं मया दीयतेतवोपतिष्ठताम्।

प्रेत के लिए एक कुश पर गांठ बांध कर प्रेत को स्थापित करे-

गतोऽसि दिव्यलोकांस्त्वं कर्मणा प्राप्त सत्पथः।
मनसा वायु रूपेण कुशे त्वां विनियोजये।।

प्रेत के पैर धोने के लिए कर्म कर्ता जल तीन बार देवे-

एततै पाद्यं पादावनेजनं पादयोः। पादप्रक्षालनम्।

एक पत्ते में जल लेकर दूध, तिल, पुष्प से अर्घ्यपात्र बनावे कुशा की चट पर डालें।

अमुक गोत्रस्य अमुक प्रेतस्य इदं हस्तार्घ्यमुपतिष्ठताम्।

स्नान के लिए जल चढ़ावें-

स्नानमुपतिष्ठताम्।।

---

१. विना तिलैश्च दर्भैश्च पितृणां नोपतिष्ठति।
तिलाभावे निषिद्धाहे सुवर्ण रजतान्विते।।

कुश ग्रहण मंत्र विरंचिना समुत्पन्नो परमोष्ठिनिसर्गज।
दहस्व सर्व पापानि दर्भ स्वस्तिकरोभव।।
।।ॐ हुँ फट् स्वाहा।।

तीन सूत का तागा चढ़ावें-**एतत्ते वासः उपतिष्ठताम्॥**
ऊर्ण सूत्र चढ़ावे-**एततै ऊर्ण सूत्रः उपतिष्ठताम्॥**
तर्जनी अंगुली से चन्दन चढ़ावे-

चन्दन मुपतिष्ठाम्॥

तिल अक्षत-

एतानि अक्षतानि उपतिष्ठताम्॥

राल का धूप एवं दीप दिखावे-

एतत्ते धूपमुपतिष्ठाम्॥ एतत्ते दीपमुपतिष्ठाम्॥

नैवेद्य चढ़ा देवे-

नैवेद्यमुपतिष्ठताम्।

दक्षिणा चढ़ा देवे-

दक्षिणामुपतिष्ठाम्।

ताम्बूल चढ़ा देवे

ताम्बूलमुपतिष्ठाम्।

जल चढ़ा देवें-

पिण्डस्थाने अवनेजनं तवोपतिष्ठताम्।

पहले दिन का पिण्ड[1] तिल कुश जल के साथ हाथ में लेकर संकल्प-

अमुकगोत्रस्य अमुक प्रेतस्य शिरः पूरकः एषः।
प्रथमदिवसीयः पिण्डोमयादीयते तवोपतिष्ठाम्॥

---

1. पिण्ड से शरीर निर्माण-दग्ध देहे पुनर्देहः पिण्डै रुत्पपद्यते खगः।
हस्तमात्र पुमान् येन पथि भुंक्ते शुभा शुभभ् (ग0पु0)

ऐसा कहकर अंगूठे की तरफ से पिण्ड को वेदी के कुश के ऊपर रख दें। फिर एक दोने में जल लेकर पिण्ड के ऊपर अंगूठे की ओर से जल धारा दें-
अमुक गोत्रस्य अमुक प्रेतस्य तेऽवनेजनं मया दीयते तवोपतिष्ठताम्॥

पिण्ड पूजन

पिण्ड के ऊपर पूजन के लिए निम्न सामग्री चढ़ा दे-
स्नानिय जल- पिण्डोपरि स्नानियजलं उपतिष्ठताम्।
कार्पास सूत्र- पिण्डोपरि कार्पाससूत्रं उपतिष्ठताम्।
ऊर्ण सूत्र- पिण्डोपरि ऊर्ण सूत्रं उपतिष्ठताम्।
चन्दन- पिण्डोपरि चन्दनं उपतिष्ठताम्।
तिलाक्षत- पिण्डोपरि तिलाक्षतं उपतिष्ठताम्।
पुष्प- पिण्डोपरि पुष्पं उपतिष्ठताम्।
भृगराजपत्र- पिण्डोपरि भृगराज दीयते तवोपतिष्ठताम्
रालधूप- पिण्डोपरि रालधूपमुपतिष्ठताम्।
दीप- दीपमुपतिष्ठताम्।
नैवेद्य- एतत्ते नैवेद्यमुपतिष्ठताम्।
दक्षिणा- दक्षिणाचोपतिष्ठताम्।
हल्दि- चर्मपूरक हरिद्राग्रन्थि तवोपतिष्ठताम्।
मजीठ- रक्तपूरिकं मंजिष्ठा तवोपतिष्ठताम्।
खस- नासाजालोत्पादकं खशं तवोपतिष्ठताम्।

कमगढ्ढा- षट्चक्रपूरकं कमल बीजं तवोपतिष्ठताम्।
आंवला- वीर्यपूरक धात्रीफलं तवोपतिष्ठताम्।
शतावरी- दन्तोन्पादकानिशतावरीमूलानिउपतिष्ठताम्।

तिलतोय पात्र हाथ में लेकर निम्न मंत्र से पिण्ड के ऊपर देवे-

अमुकगोत्रऽमुक प्रेत चितादाह जनित तापतृषोपशमनाय प्रथमदिन सम्बन्धि एत्त तिलतोयं मद्दतं तवोपतिष्ठताम्।

तिलतोयांजलि प्रथम दिन एक-दूसरे दिन दो के क्रम से दें।

प्रार्थना- **ॐ अनादि निधनो देवः शंखचक्र गदाधरः।**
अक्षय पुण्डरीकाक्षः प्रेतमोक्ष प्रदोभव॥

ॐ अतसी पुष्प संकाशं पीतवास समन्वितम्।
धर्मराज नमस्तुभ्यं प्रेतमोक्षप्रदो भव॥

पिण्ड देकर कर्मकर्ता 'प्रेताप्यायनमस्तु' कहकर पिण्ड जल में डालकर स्नान कर ले और घर आकर स्वयं भोजन बनाकर तीन बलि अपसव्य होकर दक्षिणमुख हो देवे-

कागग्रास- **काकोसि यम दूतोसि गृहाण बलिमुत्तमाम्।**
ममद्वारगतं प्रेतं त्वमाप्यायितु मर्हसि॥

गौग्रास- **सौरभे या सर्वहिता पवित्रा पुण्य राशयः।**
प्रतिगृणन्तु मे ग्रासं गावस्त्रोलोक्य मातरः॥

श्वानग्रास- **द्वौश्वानौश्याम शबलौ वैवश्वत कुलोद्भवौ।**
ताभ्यामन्नं प्रदास्यामि स्यातामेतावहिंसकौ॥

तीनों ग्रास देकर जल छोड़ दें। अब कर्मकर्ता स्वयं भी भोजन कर ले सांयकाल को मृतक के लिए एक दीप जलाकर कहे-

अद्यामुकगोत्रस्य अमुकनाम प्रेतस्य प्रथम दिन निमित्त प्रेतलोका दित्यवद् द्यौतन कामः इमं दीपं विष्णु दैवतं न मम॥

दीप देकर प्रार्थना करे-

ॐ शान्ताकारं भुजगशयनं पद्मनाभं सुरेशं
विश्वाधारं गगन सदृशं मेघवर्णं शुभांगम्।
लक्ष्मीकान्तं कमलनयनं योगिभिर्ध्यानगम्यम्
वन्दे विष्णुं भवभयहरं सर्वलोकैक नाथम्॥

इस प्रकार प्रथम दिन का पिण्ड, चितानल पूजन पूर्ण हुआ, दसवें दिन तक इसी क्रम में पिण्ड दान देना है प्रत्येक दिन पिण्ड देने में असुविधा हो तो यह कार्य दशवें दिन ही किया जा सकता है, ऐसा विद्रानों का मत है। दूसरे दिन से शरीर पूरक तथा नरक तारण के लिए संकल्प अलग-अलग है। दूसरे दिन से दस दिन तक के संकल्प अलग-अलग दे रहे है जितना दिन हो उसका संकल्प पिण्डदान में कहे-

दूसरे दिन से दस दिन के पिण्डदान संकल्प

२- **अद्यामुक गोत्रस्य अमुक नाम प्रेतस्य द्वितीय दिने योनिपुंसनाम नरकोत्तारणाय चक्षु श्रोत्रनासिका सम्भूत्यै एषः पिण्डस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्॥**

३- अद्यामुक गोत्रस्य अमुकनाम प्रेतस्य तृतीय दिने महारौरव नाम नरकोत्तारणाय भुज वक्षो ग्रीवा मुखावयव निष्पत्यर्थं एषः पिण्डस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्।

४- अद्यामुक गोत्रस्य अमुकनाम प्रेतस्य चतुर्थ दिने तामिस्त्र नाम नरकोत्तारणाय उदरनाभि गुदवस्थि मेढ्य सम्भूत्यै एषः पिण्डस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्।

५- अद्यामुक गोत्रस्य अमुकनाम प्रेतस्य पंचम दिने अन्धतामिस्त्र नाम नरकोत्तारणाय गुल्फ उरुजानुजंघा चरण सम्भूत्यै एषः पिण्डस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्।

६- अद्यामुक गोत्रस्य अमुकनाम प्रेतस्य षष्ठे दिने संभ्रमनाम नरकोत्तारणाय सर्वमर्म सम्भूत्यै एषः पिण्डस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्।

७- अद्यामुक गोत्रस्य अमुकनाम प्रेतस्य सप्तमे दिने अमेद्ध्यक्रमी नाम नरकोत्तारणाय अस्थिमज्जाशिरा पूरणाय एषः पिण्डस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्।

---

१. नवमे दिवसे चैव सपिण्डैः सकलैर्जनैः।
तैलाभ्यंगः प्रकर्तव्यो मृतक स्वर्ग काम्यया॥

सगोत्री तथा स्त्रियाँ मृतक के घर लावा तथा दूर्वा फेकें-
दूर्वावत्कुल वृद्धिस्ते लाजाइव विकासता।
एवमुक्त्वा त्यजेद् गेहे लाजान्दूर्वा समन्वितान्॥ (ग.पु.)

८- अद्यामुक गोत्रस्य अमुकनाम प्रेतस्य अष्टमे दिने पुरीष भक्षण नाम नरकोत्तारणाय नख दन्त रोम केश पूर्णाय एषः पिण्डस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्।

९- अद्यामुक गोत्रस्य अमुकनाम प्रेतस्य नवमे दिने स्वमांस भक्षण नाम नरकोत्तारणाय वीर्य्य पूर्णाय एषः पिण्डस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्।

१०-उड़द पिण्ड- अद्यामुक गोत्रस्य अमुकनाम प्रेतस्य दशमे दिने कुम्भीपाक नाम नरकोत्तारणाय क्षुत्पिपासा पूर्णाय एषः पिण्डस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्।

दसवें दिन का कार्य पूर्ण होने पर दशगात्र के पहने हुए वस्त्र यज्ञोपवीत कर्मकर्ता छोड़ कर नये वस्त्र पहन लें कुम्भ तथा वेदी, पिण्ड को जल में विसर्जन कर दे। अपने देशाचार द्वारा कर्मकर्ता पुनर्मुण्डन[१] भी कर देवे घर की शुद्धि भी कर दें दधि दूध दुर्वा का स्पर्श करें तथा कर्म कर्ता ब्राह्मण हो तो अग्नि का, क्षत्रिय हो तो वाहन या आयुध का, वैश्य हो तो सोनें का, सूद्र वृषभ का स्पर्श कर लें।

---

१. पुनर्मुण्डन-दशमे दिवसे क्षौरं बांधवानां च मुण्डनम्।
क्रियाकर्तुः सुतस्यापि पुनर्मुण्डनमाचरेत्।। (ग०पु०)
यानि कानि च पापानि ब्रह्महत्या समानि च।
केशानाश्रित्य तिष्ठन्ति तस्मात्केशा न्वपाम्यहम्।।

एकादशाह

शास्त्र प्रमाण के अनुसार एकादशाह को दम्पती पूजन, शय्यादान, गोदान, कुम्भदान, वृषोत्सर्ग करने के बाद एकादशाह का पिण्ड श्राद्ध करना। जैसे जिनके यहाँ प्रचलन हो वैसा भी करना श्रेय कर है हम यहाँ पर निम्न प्रमाण के अनुसार एकादशाह कर्म लिख रहे हैं-

आदौ च दम्पती पूज्यौ शय्या देया ततः परम्।
पश्चाच्च कपिला देया उद्कुम्भांस्तथैव च॥
वृषोत्सर्गस्ततः कार्यः पश्चादेकादशाहिकम्॥

एकादशाह के दिन कर्मकर्ता प्रातःकाल उठकर स्नान कर एकादशाह की सामग्री रखकर पूर्व मुख या उत्तर मुख हो सव्य से द्विजदम्पती का पूजन करे हाथ में तिल जल कुश लेकर संकल्प करे-

अद्येत्यादि अमुक गोत्रस्य अमुक प्रेतस्य प्रेतत्व निवृत्ति पूर्वक अक्षय स्वर्ग प्राप्तर्थं द्विजदम्पत्योः पूजनमहं करिष्ये।

द्विज दम्पति के अभाव में कुश वट का पूजन कर लेवे। गन्ध अक्षत पुष्प धूप दीपक नैवेद्य तथा दक्षिणा भी चढ़ा देवे।

शय्यादान

प्रेत के लिए उपयुक्त शय्या दक्षिण उत्तर रख शिर की तरफ घृत कुम्भ रख दें, आभूषण आदि रखकर चतुर्मुख दीप जला देवें शय्या के ऊपर

सप्तधन्य[१] रख उसके ऊपर सुवर्ण की प्रतिमा (कांचन पुरुष) को पंचामृत से धोकर स्थापित कर दें शय्या के ऊपर सुवर्ण (कांचन पुरुष) की प्रतिमा का पूजन कर तथा चारों दिशाओं का पूजन कर परिक्रमा कर दें, पूजन कुश वट ब्राह्मण का भी करके तिलकुश जल हाथ में लेकर संकल्प करे-

अद्येत्यादि अमुकगोत्रस्य अमुक नाम प्रेतस्य सकल नरकयातना शीतादिबाधा याम्य पुरुष प्रहार निवृत्ति पूर्वक अनेकानेन कल्पान्त पुरन्दरादि सकल लोक प्रात्यर्थं घृतकुंभ जलकलश ताम्बूल दीपिका पादुका छत्र आसन चामर नानाविधि भोजन सुवर्णाभूषण ऊर्णकार्पास वस्त्र हैममय कांचन पुरुष प्रतिमायुतामिमां शय्या प्रजापति दैवतां युवाभ्यां सम्प्रददे।

दक्षिणा संकल्प- **अद्यकृतस्य शय्यादानस्य प्रतिष्ठा सिद्ध्यर्थं इदं निष्क्रिय द्रव्यं वा युवाभ्यां सम्प्रददे।**

प्रार्थना- **प्रेतस्य प्रतिमा सैषा विष्णु सानिध्यदायिनी। स्यातामस्याः प्रदानेन सन्तुष्टौ द्विजदम्पती।।**

।। इति शय्यादान ।।

---

१. सप्तधान्य- ब्रीहयो यव गोधूमा मुद्गा माषाः प्रियंगव। चणकाः सप्तमाज्ञेया सप्तधान्य मुदाहृतम् (ग०पु०)

कपिलादान

गाय के लिए स्वर्णसींग, चांदी के खुर, ताम्र पीठ, कास्य पात्र दूहने के लिए, माला आदि रख संकल्प करे-

अद्येत्यादि अमुक गोत्रस्य अमुक प्रेतस्य प्रेतत्व निवृत्तिपूर्वक तदङ्गत्वेन गवादिपूजनं च करष्ये।

गो का पूजन गन्ध अक्षत वस्त्र फूल धूप दीप से कर नैवेद्य देवें गाय का मुंह धो दे, दक्षिणा भी देवे पूजन कर कुश तिल जल हाथ में लेकर संकल्प करे-

अद्येत्यादि० अमुक गोत्रस्य अमुक प्रेतस्य प्रेतत्व निवृत्ति पूर्वक उत्तम लोक प्राप्तर्थं इमां कपिलागां रुद्र दैवतां यथालंकारै अलंकृतां यथा नाम गोत्राय अमुक शर्म्मणे ब्राह्मणाय तुभ्यं सम्प्रददे।।

प्रतिष्ठा देकर गाय की प्रार्थना भी कर लें-

कपिले सर्व देवानां पूजनीयासि रोहिणी।
अर्थधेनुमयी यस्मादत्तः शान्ति प्रयच्छ मे।।

गाय ब्राह्मण को देकर कर्मकर्त्ता गाय की परिक्रमा कर लें।

उदकुम्भदान

जितने दिन वर्ष में होते हैं उतने घड़े जल के और अधिक मास वर्ष के अन्दर आ जाय तो तीस घट अधिक रख, घट का पूजन गन्ध, अक्षत, पुष्प से कर के

तथा इस संख्या के बराबर दीप दान तथा दन्त धावन काष्ट को रखकर पूर्व मुख ब्राह्मण का पूजन कर संकल्प करें-

अद्येत्यादि० अमुक गोत्रस्य अमुक प्रेतस्य मरण-दिनमारभ्य तिथिवृद्धि चान्द्रमानेन संवत्सरपूर्ति पर्यन्तं जायमान प्रात्यहिक क्षुत्पिपासा निवृत्यर्थं षष्ठ्यधिक त्रिंशत संख्याकान् सान्नान् सदीपान् सदन्तधावनान् उद्कुम्भान् ब्राह्मणाय दास्ये।

वृषोत्सर्ग

प्राय: आजकल एक आध ही लोग वृषोत्सर्ग[1] करते है तथापि क्रिया का लोप न हो इसलिए वृषोत्सर्ग लिख लिया है वृषोत्सर्ग में बछड़ा बछड़ी का पूजन कर त्याग करने का विधान है। यदि न हो सके तो मेनफल को ही नाला बांधकर कुशा लपेट कर साते फेरे करवाकर सूर्य चन्द्रमां की पूजा कर दें। अनेंक विद्वानों ने वृषोत्सर्ग से पूर्व ग्रहशान्ति विधान के अनुसार गणपति का पूजन करने का विधान बताया है। अत: गणपति पूजन स्मरण कर के तिलकुशजल लेकर यह संकल्प करे-

अद्येत्यादि० अमुकमासे अमुक पक्षे तिथौ वासरे अमुक गोत्रस्य अमुक नाम प्रेतस्य प्रेतत्व विमुक्ति पूर्वकाक्षय

---

१.   पतिपुत्रवती नारी भर्तुरग्रे मृता यदि।
     बृषोत्सर्गं न कुर्वीत गां चदद्यात्पयस्विनीम्॥

स्वर्गलोक प्राप्तिकामः एकादशेऽहनि वृषोत्सर्ग कर्माहं करिष्ये।

ईशान कोण में नवग्रह के पास बृषमातृ के लिए पंच मण्डल बनाकर तथा सात रेखा घी से बनाकर प्रेतमातृओं का पूजन करे-

वृषमाताओं का पूजन

नन्दा च सुमना चैव सुशीला च पयस्विनी।
सुरभी पंचभी प्रौक्ताः पंचेशा वृषमातरः॥

गन्धाक्षत पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य, से पूजन कर रक्त वस्त्र चढ़ाकर नवग्रह का पूजन करे-

ॐ सूर्याय नमः। ॐ चन्द्राय नमः। ॐ भौमाय नमः। ॐ बुधाय नमः। ॐ बृहस्पतये नमः। ॐ शुक्राय नमः। ॐ शनैश्चराय नमः। ॐ राहवे नमः। ॐ केतवे नमः॥

सात प्रेत माताओं का पूजन

काली कराली विकटा भीषणा च मदोत्कटा।
संहारिणी दुराधर्षाः सप्तैताः प्रेत मातरः॥

ईशान मे रुद्र कलश स्थापना करे कलश रख भूमि का स्पर्श करे- **ॐ भूरसि भूमिरस्यदितिरसिविश्वधाया विश्वस्य भुवनस्य धर्त्री। पृथ्वी यच्छ पृथिवी दृ॑ꣳह पृथिवीं मा हिꣳसीः॥**

अब भूमि पर धान्य रखे- **ॐ धान्यमसि धिनुहि देवान् प्राणाय त्वोदानाय त्वा व्यानाय त्वा। दीर्घामनु प्रसितिमायुषे धां देवो वः सविता हिरण्यपाणिः प्रतिगृभ्णात्वच्छिद्रेण पाणिनाचक्षुषेत्वा महीनां पयोऽसि।**

धान्य के ऊपर कलश रखे- **ॐ आजिघ्र कलशं मह्या त्वां विशन्त्विन्दवः पुनरुर्जा निवर्तस्व सा नः सहस्त्रं धुक्षोरुधारा पयस्वती॥**

कलश में जल डाले-**ॐ वरुण स्योस्तंभनमसि वरुणस्यस्कंभ सर्जनी स्थो वरुणस्यऽ ऋतसदन्यसि वरुणस्य ऽ ऋत सदनमसि वरुणस्यऽ ऋत सदनमासीत्॥**

कलश में गन्ध छोड़े- **ॐ गन्ध द्वारां दुराधर्षां नित्य पुष्ठां करीषिणीम् इश्वरी सर्वभूतानांतामिहोपह्वये श्रियम्॥**

कलश में सर्वोषधि डाले- **ॐ या औषधीः पूर्वजाता देवेभ्यस्त्रियुगंपुरा मनैनुबभ्रुणामहꣳशतं धामानि सप्तच॥**

दूर्वा डाल दे-**ॐ काण्डात् काण्डात् प्ररोहन्ति परुषः परुषस्प्परि। एवानो दूर्वे प्रतनु सहस्त्रेण शतेन च॥**

कुशा डाल दे- **ॐ पवित्रेस्थो वैष्णव्यौ सवितुर्वः प्रसव उत्पुनाम्यच्छिद्रेण पवित्रेण सूर्य्यस्य रश्मिभिः तस्य ते पवित्रपते पवित्रपूतस्य यत्कामः पुनेतच्छकेयम्॥**

सप्तमृत्तिका- ॐ **स्योना पृथिवीनो भवान्नृक्षरा निवेशनी यच्छानः शर्म सप्रथाः॥**

पूगीफल- ॐ याः फलिनीर्याऽअफलाऽ अपुष्पा याश्च पुष्पिणीः। बृहस्पतिप्रसू तास्तानो मुंचन्त्व ॐ हसः॥
पंचरत्न- ॐ परिवार्जपतिः कविरग्निर्हव्यान्य क्रमीत्। दधद्रत्नानि दाशुषे॥
दक्षिणा- ॐ हिरण्य गर्भः समवर्त्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेकऽ आसीत्। सदाधार पृथिवी द्यामुतेमां कस्मै देवाय हविषा विधेम्॥
पंचपल्लव- ॐ अश्वत्थेवो निषदनं पर्णेवो वसतिष्कृत् गोभाज इत्किला सथयत् सनवथ पुरुषम्॥
पूर्णपात्र-ॐ पूर्णादर्वि परापत सुपूर्णा पुनरापत। वस्नेव विक्रीणा वहाऽइषमूर्जॐशतक्रतो॥
वस्त्र- ॐ युवा सुवासाः परिवीत आगात् स उश्रेयान भवति जायमानः। तं धीरासः कवय उन्नयन्ति स्वाध्यो मनसा देवयन्तः॥

पूर्णपात्र के ऊपर वस्त्र बान्धकर श्रीफल को रख दे पूजन के लिए विनियोग छोड़ दें-
तत्वायामिति शुनषेफ ऋषि त्रिष्टुप्छन्दो वरुणो देवता वरुणावाहने पूजने विनियोगः॥ वरुण का आवाहन कर लें। **ॐ तत्वायामि ब्रह्मणा वन्दमानस्तदाशास्ते। यजमानो हविर्भिः। अहेडमानोः वरुणेह बोध्युरुशॐस मान आयुः प्रमोषीः॥ भूर्भूवः स्वः वरुण इहागच्छ इहतिष्ठ वरुणं सांगमावाहयामि॥** इस प्रकार आवाहन

कर ॐ वरुणाय नमः।

षोडशोपचार से पूजन कर प्रार्थना करें-

कलशस्य मुखे विष्णुः कण्ठे रुद्रः समाश्रिताः।
मूलेतस्य स्थितो ब्रह्मा मध्ये मातृगणाः स्मृताः॥
कुक्षौ तु सागराः सर्वे सप्तद्वीपा वसुन्धरा।
ऋग्वेदोऽथ यजुर्वेदः सामवेदो ह्यथवर्णः।
अंगैश्च सहिता सर्वे कलशन्तु समाश्रिता॥

कलश पूजन के बाद रुद्र प्रतिमा का अग्न्युतारण कर रुद्राध्याय के 16 मंत्रों का पाठ करे-

ॐ नमस्ते रुद्र मन्यवऽउतो त ऽइषवे नमः। वाहुभ्यामुत ते नमः॥१॥ याते रुद्र शिवा तनूरघोराऽपाप काशिनी। तयानस्तन्वा शन्तमया गिरिशन्ताभि चाकशीहि॥२॥ यामिषुं गिरिशन्त हस्ते विभर्ष्यस्तवे। शिवां गिरित्र तां कुरु मा हिꣳसीः पुरुषं जगत्॥३॥ शिवेन वचसा त्वा गिरिशाच्छा वदामसि। यथा नः सर्वमिज्जगदयक्ष्म ꣳसुमनाऽअसत्॥४॥ अद्यवोच दधिवक्ता प्रथमो दैव्यो भिषक्। अहींश्च सर्वाञ्जंभयन्त्सर्वाश्च यातुधान्योऽ धराचीः परासुव॥५॥ असौयस्ताम्रो ऽ अरुण उत वभ्रु सुमंगल। ये चैनꣳरुद्रा ऽ अभितो दिक्षु श्रिताः सहस्त्रशो-ऽवैषाꣳहेडऽईमहे॥६॥ असौ यो ऽवसर्पति नीलग्रीवो विलोहितः। उतैनं गोपा ऽअदृश्रन्नदृश्रन्नुदहार्य्यः स दृष्टो मृडयाति नः ॥७॥ नमोऽस्तु नीलग्रीवाय सहस्त्राक्षाय मीढुषे।

अथो ये ऽ अस्य सत्वानो ऽ हं तेभ्योऽ करं नमः॥८॥ प्रमुञ्च धन्वनस्त्वमुभयो रार्त्न्योयाम्। याश्चते हस्तऽइषवः पराता भगवो वप॥९॥ विज्यं धनुः कपर्द्दिनो विशल्यो वाणवाँ २ ऽउत। अनेशन्नस्य या ऽ इषव ऽआभुरस्य निषङ्गधिः॥१०॥ या ते हतिर्मीदुष्टम हस्ते वभूव ते धनुः। तयास्मान्विश्वतस्त्वमयक्ष्मया परिभुज॥११॥ परि ते धन्वनो हेतिरस्मान्वृणक्तु विश्वतः। अथो य ऽ इषुधि स्तवारे ऽ अस्मन्निधेहि तम्॥१२॥ अवतत्य धनुष्टव ꣳसहस्त्राक्ष शतेषुधे। निर्शीर्य शल्यानां मुखा शिवो नः सुमनाभव॥१३॥ नमस्तऽ आयुधायानातताय धृष्णवे उभाम्यांमुतते नमो बाहुभ्यां तव धन्वने॥१४॥ मानो महान्तमुत मा नो ऽ अर्भकं मान ऽ उक्षन्तमुत मा न ऽउक्षितम्। मानो वधीः पितरं मोत मातरं मानः प्रियास्तन्वो रुद्र रीरिषः॥१५॥ मा नस्तोके तनये मानऽ आयुषि मा नो गोषु मानोऽ अश्वेषु रीरिषः। मानो वीरान् रुद्र भामिनो वधीर्हविष्मन्तः सदमित्वा हवामहे॥१६॥

रुद्र पूजन कर कलश के ऊपर प्रतिमा स्थापित कर दें।

अग्निस्थापन

कर्मकर्ता हाथ में पुष्प चन्दन ताम्बूल तथा वरण द्रव्य, जल दक्षिणा लेकर संकल्प करें-

देशकालौ संकीर्त्य अद्य कर्तव्य वृषोत्सर्गाङ्गभूत होम कर्मणि कृताकृतावेक्षण रूप ब्रह्म कर्म कर्तु अमुक गोत्र अमुक शर्माणं ब्राह्मणमेभिः पुष्पचन्दनताम्बूल वासोभिर्ब्रह्मत्वेन त्वामहंवृणे। ब्राह्मण कहे- **वृतोऽस्मि।** कर्मकर्ता कहे- **यथा विहितं कर्म्मंकुरु। ब्राह्मण कहे- करवाणीति।** कर्मकर्ता रुद्र कलश के पश्चिम में एक हाथ लम्बाई चौड़ाई प्रमाण की बालु का स्थडिंल बनाकर संकल्प करे-

देशकालौ संकीर्त्य अद्यकर्तव्य वृषोत्सर्ग कर्मणि पंचभूसंस्कार पूर्वक अग्निप्रतिष्ठापनं करिष्ये॥

हवन वेदी पर कुशकण्डिका करने का क्रम-

स्थडिलं कुशैः परिसमुह्यतानैशान्यां परित्यज्य।

वेदी को कुशा से साफ कर उसको ईशान में छोड़ दे। **गोमयोदकेनोपलिप्य।** वेदी को गोबर से लीप देवे। **स्त्रुवेण प्राग्रगा उदकसंस्थास्तिस्त्रोरेखाः स्थंडिल प्रमाणेन कृत्वा अनामिका अंगुष्ठाभ्यां यथोलिखिताभ्यो रेखाभ्यः पांसन्द धृत्येशानकोणे प्रक्षिपेत्।**

श्रुव मूल द्वारा पूर्व से स्थंडिल प्रमाण (लम्बाई) की तीन रेखा अपनी तरफ खीचें श्रुव से मिट्टी अनामिका

अंगूठा से निकाल कर ईशान में फेंक दें।

उदकेनाभ्युक्ष्य। जल छिड़क दें।

ताम्र पात्रेणाग्निं गृहित्वावेद्यां स्वाभिमुखं स्थापयेत्।

ताम्र पात्र में अग्नि लाकर स्थडिल के ऊपर पात्र मुख अपनी तरफ कर डाल दें। अग्नि स्थापित करते हुए इस मंत्र का उच्चारण करें-

ॐ अग्निदूतं पुरोदधे हव्यवाहमुप ब्रुवे। देवाँ ऽ आसाद यादिह।। अग्नि का ध्यान कर लें

ॐ चत्वारि श्रृंगात्रयोऽ अस्यपादा द्वेशीर्षे सप्तहस्तासोऽ अस्य। त्रिधा बद्धो वृषभोरोरवीति महोदेवो मर्त्यां२ आविवेश।। अग्ने वैश्वानर शांडिल्य गोत्र भूमिर्माता वरुणः पिता मेषध्वज प्राङ्मुख मम सम्मुखो भव।। रुद्रनामग्ने नमः।।

रुद्र नाम से अग्नि को प्रतिष्ठापित कर कुशा का ब्रह्मा बनाकर पूजन कर दें।

ततः प्रणीता पात्रं पुरतः कृत्वा जलेना पूर्य।

प्रणीता पात्र को सामने रख जल से भर दें।

कुशैराछाद्य ब्रह्मणोमुखमवलोक्याग्नेरुत्तरतः कुशोपरिनिदध्यात्।

प्रणीता पात्र को कुश से ढककर ब्रह्मा को देखकर अग्नि के उत्तर में कुश के ऊपर रख दें।

ततः वर्हिपरिस्तरणं कुशाओं को बिछाने का क्रम-

वर्हिष प्रथम भाग मादाय उत्तराग्रै आग्नेयादीशानान्तं।

चार भाग बनाकर पहला भाग आग्नेय से ईशान तक।

आग्नेया दक्षिणस्याम्। दूसरा भाग आग्नेय से दक्षिण।

तृतीय भागमादाय नैर्ऋत्याद् दक्षिणस्याम्।

तीसरा भाग नैर्ऋत्य से दक्षिण तक।

चतुर्थ भागमादाय नैर्ऋत्याद् वायव्यान्तं।

चौथा भाग नैर्ऋत्य से वायव्य तक बिछाकर पुनः शेष को वायव्यादीशान्तम्। वायव्य से ईशान तक बिछा देवे।

ततो अग्निरुतरतः पश्चिमदिशि पवित्रच्छेदनार्थः कुशत्रयम् पवित्र करणार्थः साग्रमनन्तगर्भ कुशपत्र द्वयम्।

पवित्र छेदन के लिए अग्नि के उत्तर में तीन कुशा, पवित्र करने के लिए दो कुशा **प्रोक्षणी पात्रं आज्यस्थाली चरुस्थाली संमार्जनार्थं कुशत्रयम् उपयमनार्थं कुश त्रयं** प्रोक्षणी पात्र, घी का बर्तन, चरुपात्र तीन कुशा संमार्जन के, तीन कुशा उपयमन के लिए **प्रादेशमात्राः समिधस्तिस्त्रः पालाश्यः श्रुवः** प्रादेश मात्र प्रमाण की तीन समिधा, पलाश का श्रुव **आज्य तण्डुल पूर्णपात्रम् दक्षिणां** घी चावलों से भरा पूर्णपात्र दक्षिणा सहित रख देवे।

पवित्र छेदन कुशानां पूर्व पूर्व क्रमैणेता न्यासादनीयानि।

पवित्र छेदन कुशा से पूर्व में इन वस्तुओं को रखकर
त्रिभिः पवित्रच्छेदन कुशैर्द्वे पवित्रेद्दित्वा सपवित्रकरेण प्रणीतोदिकं त्री प्रोक्षणी पात्रे निधाय प्रोक्षणी पात्रं वामहस्ते धृत्वा दक्षिण हस्तानामिकांगुष्ठाभ्यां पवित्रं गृहित्वात्रिरुत्पवनम्।।

तीन कुशाओं से दो कुशाओं को तोड़कर प्रणीता के जल को तीन बार प्रोक्षणी पात्र में डालकर प्रोक्षणी पात्र को बांये हाथ में रख दक्षिण हाथ की अनामिका अंगूष्ठ से तीन बार ऊपर उछालें।

प्रोक्षणी जलेनासादितवस्तुसेचनम्।

प्रोक्षणी के जल के छींटे सब सामग्री पर डाल दें।

अग्नि प्रणीतयोर्मध्ये प्रोक्षणीपात्रं निधाय आज्यास्थाल्यामाज्यं निरुप्य चरुपात्रे चरुप्रक्षेपः।

अग्नि और प्रणीता के मध्य प्रोक्षणी पात्र रख घी के बर्तन में घी चरु के पात्र में चरु रख दें।

ततोज्वलतृण मवदाय आज्योपरि प्रदाक्षिणं भ्रामयित्वा वह्नौ तत्प्रक्षेपः। ज्वल तृण लेकर घी के ऊपर प्रदक्षिणा क्रम से घुमाकर उसे अग्नि में डाल दें।

दक्षिण हस्तेन स्रुवमादायाधोमुखमग्नौ तापयित्वा-सव्ये पाणौ कृत्वा दक्षिणहस्तेन संमार्जन कुशानामग्रै रग्रंमध्येर्मध्यं मूलैर्मूलं स्रुवंसंमृज्य प्रणीतोदकेनाभ्युक्ष्य पुनः प्रताप्य श्रुवंदक्षिणतो निदध्यात्।

कर्मकर्ता दक्षिण हाथ में श्रुव लेकर उल्टे मुख अग्नि में तपाकर बायें हाथ में रख दाहिने हाथ में सम्मार्जन कुशा से श्रुव के अग्र को अग्र भाग से मध्य को मध्य भाग से मूल को मूल भाग से साफ कर दे प्रणीता के जल के छींटे देकर पुनः तपा कर दक्षिण में रख दे।

ततः आज्य प्रतपनं उत्पवनम् कृत्वा तदवेक्षणम् अपद्रव्य निरसनंच। घी को गरम कर देख ले कोई अपद्रव्य पड़ा हो तो निकाल लें।

ततः उत्थाय उपयमन कुशानादाय वाम हस्ते धृत्वा अग्निपर्युक्षणं कृत्वा मनसा प्रजापतिम् ध्यात्वा तूष्णीमग्नौ घृताक्ता समिधस्तिस्त्र क्षिपेत्।

अब कर्मकर्ता खड़ा होकर उपयमन कुशा को उठाकर बांये हाथ में रख मन में प्रजापति का ध्यान कर तीन समिधाओं को घी में भिगोकर चुपचाप अग्नि में डाले।

ततः उपविश्य सपवित्र प्रोक्षण्युदकेन अग्निं पर्युक्ष्य पवित्रे प्रणीता पात्रे निधाय दक्षिण जानुनिपात्य कुशाग्रेण ब्रह्मणाऽ न्वारब्धः आज्येन जुहुयात्।

बैठकर पवित्र से प्रोक्षणी के जल द्वारा अग्नि के छींटे देकर कुशा को प्रणीता पात्र में रख दक्षिण जंघा नवाकर कुश द्वारा ब्रह्मा को अन्वारब्ध कर घी से आहुती दें।

ॐ इह रतिः स्वाहा। इदमग्यने॥१। ॐ इहरमध्वं स्वाहा। इदमग्नये॥२॥ ॐ इहधृतिं स्वाहा। इदमग्नये॥३॥ ॐ

इह स्वधृतिः स्वाहा। इदमग्नये॥४॥ ॐ उपसृजन्धरुणं मात्रं धरुणोमातरं धयन् स्वाहा। इदमग्नये॥५॥ ॐ शयस्पोषमस्मासु दीधरत् स्वाहा। इदमग्नये॥६॥ ॐ सोमाय स्वाहा। इदं सोमाय॥६॥ रुद्रनामग्ने नमः सम्पूज्य।

रुद्र नाम से अग्नि का पूजन गंधाक्षत पुष्प धूप दीपक नैवेद्य से कर निम्न आहुति दें-

ॐ अग्नये स्वाहा। इदमग्नये॥१॥ ॐ रुद्राय स्वाहा। इदं रुद्राय॥२॥ ॐ शर्वाय स्वाहा। इदं शर्वाय॥३॥ ॐ पशुपतये स्वाहा। इदं पशुपतये॥४॥ ॐ उग्राय स्वाहा। इदं उग्राय॥५॥ ॐ अशनाय स्वाहा। इदं असनाय॥६॥ ॐ भवाय स्वाहा। इदं भवाय॥७॥ ॐ महादेवाय स्वाहा। इदं महादेवाय॥८॥ ॐ ईशानाय स्वाहा। इदं ईशानाय॥९॥ एक आहुति घी शक्कर की पूषा देवता को दें। **ॐ पूषा गावेन्तु नः पूषा रक्षतु सर्वतः पूषावाजसनोतु नः स्वाहा॥ इदं पूष्णे॥**

अब पायस चरु घृत को एकत्र कर एक आहुति दे-

ॐ अग्नये स्विष्टकृते स्वाहा। इदमग्नये स्विष्टकृते॥

पुनः ९ आहुति दें-

ॐ भूः स्वाहा इदमग्नये॥१॥ ॐ भुव स्वाहा इदं वायवे॥२॥ ॐ स्वःस्वाहा इदं सूर्याय॥३॥ ॐ त्वन्नो अग्ने वरुणस्य विद्वान देवस्य हेडो अवयासिसीष्ठाः। यजिष्ठो वह्नितमॐशोशुचानो विश्वा द्वेषा सि प्र

मुमुग्ध्यस्मत् स्वाहा। इदमग्निवरुणाभ्यां न मम॥४॥ ॐ सत्वन्नो अग्नवमो भवोती ने दिष्ठोऽउस्या ऽउषसो व्युष्टौ।अव यक्ष्व नो वरुण ꣳ रराणो वीहि मृडीकꣳसुहवो नऽएधि स्वाहा॥ इदमग्नि वरुणाभ्यां न मम॥५॥ ॐ अयाश्चाग्नेश्यनभिशस्ति पाश्च सत्वमित्वमयाअसि। अयानो यज्ञ वहास्ययानोधेहि भेषजꣳस्वाहा। इदमग्नये न मम॥६॥ ॐ ये ते शतं वरुणं ये सहस्त्रं यज्ञिया: पाशा वितताम्हान्तः। तेभिर्नो अद्य सवितोतविष्णुर्विश्वे मुञ्चन्तु मरुतः स्वर्का: स्वाहा। इदं वरुणाय सवित्रे विष्णवे विश्वेभ्यो देवेभ्यो मरुभ्यः स्वर्केभ्यश्च न मम॥७॥ ॐ उदुतमं वरुणपाश मस्म दवाधमं विमध्यमꣳश्रथाय। अथावयमादित्यव्रते तवानागसो अदितये स्याम स्वाहा। इदं वरुणाय॥८॥ ॐ प्रजापतये स्वाहा इदं प्रजापतये (मनसा)॥९॥

इस प्रकार हवन कर इन्द्रादि दश दिक्पाल को बलिदान देवे- ॐ पूर्वे इन्द्रायनमः। आग्नेयां अग्नये नमः। दक्षिणे यमाय नमः। नैर्ऋत्ये निर्ऋतये नमः। पश्चिमे वरुणाय नमः। वायव्य वायवे नमः। उत्तरे कुवेराय नमः। ईशान ईश्वराय नमः। ब्रह्मणे नमः। अनंताय नमः॥ ततः संस्रवप्रासनम्।[१]

---

१. विवाहादौ क्रियायां च शालायां वास्तु पूजने।
नित्यहोमे बृषोत्सर्गे पूर्णाहुतिं न कारयेत। (प्रयोगरत्ने)

ध्रुव का अवशिष्ट घी का प्राशन कर आचमन कर के पूर्णपात्र संकल्प करे-
अद्यकृतैतद् वृषोत्सर्ग होमकर्मणि कृताकृतावेक्षणरूप ब्रह्म कर्म प्रतिष्ठार्थमिदं पूर्णपात्रं प्रजापतिदेवतममुक गोत्रायामुकशर्मणे ब्राह्मणाय तुभ्यमहं सम्प्रददे॥

ब्राह्मण पूर्णपात्र लेकर ॐ 'स्वस्तीति' कहकर ब्रह्मा की ग्रन्थी खोल प्रणीता के जल का छींटा कर्मकर्ता के लगाये।
ॐ सुमित्रियान ऽ आप ऽ ओषधयः सन्तु ईशान में प्रणीता पात्र को उल्टा कर देवे- **ॐ दुर्मित्रियास्तस्मै सन्तु योस्मान्द्वेष्टियंचवयंद्विष्मः॥ वर्हिहोम॥** जिस क्रम से कुशायें विछाई थी उसी क्रम से उठाकर घी में भिगोकर अग्नि में डाल दें- **ॐ देवागातु विदोगातुं वित्वा गातुमित मनसस्पत ऽइमं देव यज्ञꣳस्वाहा वाते धाः स्वाहा॥** कर्मकर्ता हवन करने वाले ब्राह्मणों को सुवर्ण वस्त्र दक्षिणा से सन्तुष्ट करे।
ब्राह्मण रुद्राध्याय **'नमस्ते रुद्रमन्यव'** से प्रारंभ कर **षां जम्भेदध्मः॥** तक पाठ करे।

॥ वृषवत्सरी पूजन ॥

अग्नि के उत्तर में वृष, वत्सी को रख **'मानस्तोके तनयेमान ऽ आयुषि मा नो गोषु मानो ऽअश्वेषुरीरिषः। मा नो वीरान् रुद्र भामिनो वधीर्हविष्मन्तः सदमित्वा**

हवामहे॥ मंत्र से दाहिने पीठ पर वृष के रक्त चन्दन से त्रिशूल वांये पीठ पर चक्र बनावे। लोहार को बुलाकर तप्त शूल से वृषभ के निशान लगवादे। दोनो का अभिषेक निम्न मंत्रों से करें-

ॐ हिरण्यवर्णा शुचयः पावकायासु जातः कश्यपो या स्विन्द्रः। अग्नियागर्भ दधिरे विश्वरूपास्ता न आपः शꣳस्योना भवतु॥१॥ ॐ यासां राजा वरुणो यातिमध्ये सत्यानृते अवपश्यन् जनानाम्। मधुश्चुतः शुचयो याः पावकास्ता न आपशꣳस्योना भवन्तु॥२॥ यासां देवा दिवि कृण्वन्ति भक्ष्यं या अन्तरिक्षे बहुधाभवति। याः पृथिवीं पयः सोदति शुक्रास्ता न आपः शꣳस्योना भवन्तु॥३॥ ॐ शिवेनमा चक्षुषा पश्यतापः शिवयातन्वो पस्पृशत त्वचं मे। सर्वाऽअग्नीꣳरप्सुषदो हुवे बो मयि वर्चो बलमोजोनिधत॥४॥ ॐ शन्नोदेवीरभिष्टय ऽआपो भवन्तुपीतये। शंय्योराभिस्रवन्तुनः॥

वृषवत्सरी को घंटी घुंघरू माला से सजाकर पूजन कर ले। गठजोड़ा कर मौली बाधे तिलक कर दें ग्रास या घास देकर ७ बार परिक्रमा करते हुए निम्न मंत्र बोले-

ॐ अश्वस्तुपरो गो मृगस्ते प्रजापत्याः कृष्णग्रीव आग्नेयौ रराटेपुरस्तात् सारस्वती मेष्यधस्ताद्धन्वोराश्विनावधोरामो बाह्वोः सोमा पौष्णं श्यामो नाभ्यां सौर्ययामौ श्वेतश्च कृष्णश्च पार्श्वयोस्त्वाष्ट्रै लोभशसक्थौ सक्थोर्वायव्यः श्वेतः पुच्छ इन्द्राय स्वपश्याय वेहद्वैष्णवो वामनः।

वत्सी के कान में निम्न मंत्र बोले- **तीक्ष्ण श्रृंगायै विद्महे वेदपादाय धीमहि तन्नो गौरी प्रचोदयात्॥**

वृष के कान में भी निम्न मंत्र बोलें- **तीक्ष्ण श्रृंगायै विद्महे वेदपादाय धीमहि तन्नो वृषः प्रचोदयात्॥**

वृष को वत्सी देते हुए यह मंत्र कहे- **अय हिवो मयादतः पत्न्यः सर्व मनोरमा॥**

कर्मकर्ता उत्तर मुंह कर हाथ में तिल जौ तुलसी दूध एकत्र कर बछड़े बछड़ी की पूंछ हाथ में लेकर तर्पण करे-**ॐ समुद्रोऽसि नभस्वामाद्रदानुः शं भूर्मयो भूरभि या वाहि स्वाहा। मारुतोऽसि मरुतां गणः शं भूर्मयो भूरभिमा वाहि स्वाहा॥ अवस्यूरसि दुवस्वांद्दं रश्मिभिः। ताभिर्नो अद्य सर्वामी रुचे जनाय न स्कृधि॥** पुनः पुरुष सूक्त के 18 मंत्रों से तर्पण कर अपसव्य हो तिल, कुश, जल हाथ में ले पुनः पूछों का पकड़ कर निम्न मंत्रों से तर्पण करें। **ॐ स्वधा पितृभ्यो मातृभ्यो बन्धुभ्यश्चापि तृप्तये। मातृपक्षाश्च ये केचिद् ये चान्ये पितृपक्षजा॥ गुरुश्वसुर बन्धूनां ये कुलेषु समुद्भवा। ये प्रेतभावमापन्ना ये चान्ये श्राद्धवर्जिताः॥ बृषोत्सर्गेण ते सर्वे लभतां प्रीतिमुन्त्तमाम्॥**

पुनः अपसव्य हो तिल जल लेकर पूंछों को पकड़ कर कहे- **अद्यामुकगोत्रस्य अमुकप्रेतस्य प्रेतत्वनिवृत्यर्थ वैतरणी तरणार्थ उत्तमलोक प्राप्तर्थं वृषवत्सरांपुच्छे**

मद्दतं तर्पणं तवोपतिष्ठताम्।। सव्य हो वृष वत्सी की कर्म कर्ता प्रार्थना करे-

धर्मस्त्वं बृषरूपेण ब्रह्मणा निर्मिता पुरा।
तवोत्सर्ग प्रभावेण प्रेतोद्धारो भवार्णवात्।।

वृष उत्सर्जन के लिए तिलजल हाथ में लेकर संकल्प करे- **अद्येत्यादि० अमुकगोत्रस्य अमुक नाम प्रेतस्य प्रेतत्व विमुक्तिपूर्वकाक्षय उत्तमलोक प्राप्तये इमं वृष यथाशक्तिलंकृत वत्सरी सहित रुद्र देवता अहमुसृजामि।।** ईशान दिशा में वृष छोड़कर पुनः प्रार्थना वाक्य कहे-

नमो वृषभ देवेश भूतर्षि पितृपोषक।
त्वयिमुक्तेऽ क्षयालोकाः प्रेतासन्तु निरामयः।।

एक आचमन जल छोड़ दे- **अनेन वृषोत्सर्गकर्मणा कृतेन अमुक गोत्रस्य अमुकनाम प्रेतस्य प्रेतत्व निवृत्तिः। असदगति विनाशः। सद्गति प्राप्तिः।।**

।। इति बृषोत्सर्ग ।।

विष्णु श्राद्ध प्रयोग

(मध्यमषोडशी)

ग्यारहवें दिन कर्मकर्ता स्नान कर शुद्ध वस्त्र पहनकर श्राद्ध भूमि को गोबर से लीप कर मध्यमषोडशी के लिए वेदी का निर्माण कर तिल के तेल से दीपक जलाकर पूर्व मुख हो कुश पवित्री धारण कर के आचमन प्राणायाम कर ले। कर्मपात्र में जलभर गन्ध, पुष्प, जौ, तीन कुशा उसमें डालकर बांये हाथ में जल लेकर दाहिनें हाथ की अनामिका अंगुष्ठ से उसको हिलावे।

मंत्र- ॐ अपवित्रः पवित्रोर्वा सर्वावस्थां ऽ गतोपिवा।
यः स्मरेत् पुण्डरीकाक्षः सवाह्याभ्यन्तर शुचि।।

ॐ पुण्डरीकाक्षः पुनातु।। श्राद्ध सामग्री के ऊपर जल के छीटे देकर शेष जल से अपने शरीर में छींटे देवे। अब भूमि का पूजन करे- **श्राद्धस्थल भूम्यै नमः।। ॐ भगवत्यै गयायैनमः।। ॐ भगवते गदाधरायै नमः।।** प्रणाम कर तीन कुश जल यव हाथ में लेकर संकल्प करें- **अद्येत्यादि० अमुकगोत्रस्य अमुक प्रेतस्य प्रेतत्व निवृत्यर्थं असद्गति विनाशार्थं विष्णुलोक प्राप्त्यर्थं एकादश विष्णु श्राद्धं विष्णावादि विष्णु पर्यन्तम् पिण्डदान विधिनावाहं करिष्ये।** श्राद्ध स्थल में संकल्प छोड़कर पितृगायत्री का तीन बार स्मरण करे- **ॐ देवताभ्य पितृभ्यश्च महायोगगिभ्य एवच। नमः स्वाहायै स्वधायै नित्यमेव नमोनमः।**

सरसों लेकर पूर्वादि दिशाओं में डाले-

नमो नमस्ते गोविन्द पुराण पुरुषोत्तम।
इदं श्राद्धं ऋषिकेश रक्षतां सर्वतो दिशः॥१॥
पूर्वेनारायणः पातु वारिजाक्षस्तु दक्षिणे।
प्रद्युम्न पश्चिमे पातु वासुदेवस्तथोत्तरे॥२॥
एशान्यां रक्षतां विष्णुराग्नेय्यां च त्रिविक्रमः।
नैर्ऋत्यां पद्मनाभस्तु वायव्यां माधवो ऽवतु॥
ऊर्ध्वं गोवर्द्धनो रक्षेदधस्ताच्च त्रिविक्रमः॥३॥

सरसों दिशाओं में डालकर एक पात्र में जल डाल कर कुशा से हिला देवें-

ॐ य द्देवा देव हेडनं देवासश्च कृमावयम्। अग्नि-र्मातस्मादेन सो विश्वान् मुंचन्त्वꣳहसः॥९॥ यदि दिवायदिनक्त मेनांसि चकृमा वयम्। वायुर्मातस्मादेनसो-विश्वान् मुंचन्तुꣳहसः॥२॥ यदि जाग्रद्यदि स्वप्नऽ एनांसिचकृमावयम्। सूर्यामातस्मादेनसो विश्वान् मुंचन्तुꣳहसः॥३॥

इस जल के छींटे पूजन सामग्री पाक सामग्री श्राद्ध स्थल पर लगा देवे। ग्यारह कुशाओं पर गांठ देकर वेदी के ऊपर खड़े कर दें। उन पर देवताओं को क्रम से स्थापित कर दे। प्रेत की पूजा स्थापना के समय अपसव्य[1] से तथा अन्य का सव्य होकर पूजन करें-

---

१. निपात्य दक्षिण जानुं देवान् परिचरेत्सदा।
पितृणां परिचर्या तु वामजानु निपातनम्॥ (ध०सि०)

प्रथम चटे विष्णुमुपतिष्ठताम् इदं कुशासनस्ते नमः।
द्वितीये शिवंमुपतिष्ठताम्। इदं कुशासनस्ते नमः॥
तृतीये यममुपतिष्ठताम्। इदं कुशासनस्ते नमः॥
चतुर्थे सोमराजमुपतिष्ठताम्। इदं कुशासनस्ते नमः॥
पंचमे हव्यवाहनमुपतिष्ठताम्। इदं कुशासनस्ते नमः॥
षष्ठे कव्यवाहनमुपतिष्ठताम्। इदं कुशासनस्ते नमः॥
सप्तमे मृत्युमुपतिष्ठताम्। इदं कुशासनस्ते नमः॥
अष्टमे रुद्रमुपतिष्ठताम्। इदं कुशासनस्ते नमः॥
नवमे पुरुषमुपतिष्ठताम्। इदं कुशासनस्ते नमः॥
दशमे प्रेतमुपतिष्ठताम्। इदं कुशासनस्ते नमः॥
एकादशो विष्णुमुपतिष्ठताम्। इदं कुशासनस्ते नमः॥

अब दोनें में जल लेकर पाद्य अर्पण करे-

ॐ शन्नोदेविरभिष्टयऽआपोभवन्तु पीतये शंय्योरभिस्रवन्तु नः॥ विष्णु से विष्णु तक पाद्य समर्पण कर दें। अर्घ्य-ॐ सहस्त्रशीर्षा पुरुषः सहस्त्राक्षः सहस्त्रपात् सूभूमि ७ँसर्वतः स्पृत्वात्यतिष्ठद्दशांगुलम्॥ विष्णु से विष्णु तक अर्घ्य चढ़ा देवे। अर्घ्य पात्र न्युब्जिकरणम्। अर्ध्यपात्र उलट दें। विष्णवादि विष्णुपर्येन्तेभ्यो गंन्ध (चन्दन) विष्णवादि विष्णु पर्येन्तेभ्यो यवाच्छादनम् (जौ) माल्यार्थे पुष्पाणि (फूल) तुलसी दलं (तुलसी पत्ता) पूगींफलं (सुपारी) यज्ञोपवीतं (जनेऊं) अनुलेपानार्थे चन्दनम् (चन्दन) एषवो धूपः (धूप दिखायें) ज्योतिर्दीपः

(दीपक दिखादें) **शेषोपचारार्थे** यवकुशा (जो कुशा चढ़ा दें) पुनः पिण्ड के लिए कुश आसन रख दें। एकादश विष्णु श्राद्ध[१] के लिए जो चावल पकाये हैं उनको जल छींटा देकर संकल्प करें-

अद्येत्यादि० अमुक मासे अमुक पक्षे तिथौ अमुकगोत्रस्य अमुक प्रेतस्य प्रेतत्व निवृर्त्यर्थं असद्‌गतिविनाशार्थं विष्णु लोक प्राप्तर्थं च एकादशः विष्णुश्राद्ध विष्णवादि विष्णु पर्यन्तानाम् एकोदिष्ट विधिनां एकतंत्रेणाहं करिष्ये।

पिण्ड निर्माण कर क्रम से अंगूठे की तरफ से तिल कुश जल सहित पिण्ड कुश आसन के ऊपर रखते जाये।

प्रथम विष्णवे एष ते पिण्डः॥१॥
द्वितीये शिवाय एष ते पिण्डः॥२॥
तृतीये यमाय एष ते पिण्डः॥३॥
चतुर्थे सोमाय एष ते पिण्डः॥४॥
पंचमे हव्यवाहाय एष ते पिण्डः॥५॥
षष्ठे कव्यवाहाय एष ते पिण्डः॥६॥
